Roll No. : ....

Total No. of Questions : **13**]   [Total No. of Printed Pages : **4**

BEED–127

B.A./B.Sc. B.Ed. (Ist Year) Examination, 2023

सामान्य हिन्दी

Paper - GC-1

Time : 3 Hours]   [*Maximum Marks : **100***

नोट :– यह प्रश्न–पत्र दो भागों खण्ड 'अ' व खण्ड 'ब' में विभाजित है। प्रत्येक प्रश्न में दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–अ

1. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए (उत्तर सीमा **200** शब्द) :

चढ़ रही थी धूप;

गर्मियों के दिन,

दिवा का तमतमाता रूप;

उठी झुलसाती हुई लू

रुई ज्यों जलती हुई भू,

गर्द चिनगीं छा गई,

प्रायः हुई दुपहर :-

वह तोड़ती पत्थर।

अथवा

लाना संग में पुष्प न हों वे अधिक सजीले,
तो सुगंध भी मंद, ओस में कुछ-कुछ गीले।
किन्तु न तुम उपहार भाव आकर दरसाना,
स्मृति में पूजा हेतु यहाँ थोड़े बिखराना।
कोमल बालक मरे यहाँ गोली खा-खाकर,
कलियाँ उनके लिए गिराना थोड़ी लाकर। 10

2. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए (उत्तर सीमा **200** शब्द) :

रामा के बालों को तो आधे इंच से अधिक बढ़ने का अधिकार ही नहीं था, इसी से उसकी लम्बी शिखा को साम्य की दीक्षा देने के लिए हम कैंची लिए घूमते रहते थे। पर वह शिखा तो म्याँऊ का ठौर थी, क्योंकि न तो उसका स्वामी हमारे जागते हुए सोता था और न उसके जागते हुए हम ऐसे सदनुष्ठान का साहस कर सकते थे।

अथवा

क्या बताऊँ, अखबार की दुनिया में रोज खबरें आती हैं। हड़ताल के नारे, लड़ाइयों का शोरगुल, सेनाओं की परेडें, जंगी जहाजों का घर्राटा, लेकिन मुझे सब इतने बेमानी, इतने खोखले लगते हैं जितने इस बचकाने खिलौने के स्वर। लेकिन कभी-कभी लगता है, इन्हीं ध्वंस और विनाश की आवाजों में कहीं नये इन्सान की आवाज का भी निर्माण हो रहा है। मैंने सोचा उस आवाज को जिन्दा रखने के लिए, उसे ऊपर लाने के लिए अपनी हस्ती मिटा दूँगा, वही आवाज मेरी जिन्दगी होगी। 10

3. दिनकर के काव्य का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कीजिए और उनकी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'रामा' रेखाचित्र के मुख्य पात्र रामा के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। 15

4. भवानी प्रसाद मिश्र की कविता 'गीत-फरोश' का परिचय देते हुए इसमें निहित व्यंग्य एवं भावों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'गंगा छवि' शीर्षक कविता का सारांश लिखिए। 15

खण्ड–ब

5. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए :

   (i) आर्शीवाद

   (ii) झूँठ

   (iii) निरावलम्ब

   (iv) उपरोक्त

   (v) क्लेस 5

6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर पुनः लिखिए :

   (i) मैच को देखने चलो।

   (ii) सीता और राधा नाच रहे हैं।

   (iii) यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है।

   (iv) रमेश का भविष्य उज्जवल है।

   (v) लता मधुर गायक हैं। 5

7. अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी समानार्थक शब्द लिखिए :

   (i) Acquisition

   (ii) Adjourn

   (iii) Convict

   (iv) Export

   (v) Justice 5

8. निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण कीजिए :

   साहित्य का मूलाधार जीवन एवं जनता ही है, अतएव उसका मर्म भी यह है कि उसमें व्यक्त भाव जनमानस को उल्लासित एवं विकसित कर प्रेरणा से भर दें। जीवन की अमर अनुभूतियों, शाश्वत सत्यों एवं दर्शन के तत्वों के रहस्योद्घाटन के साथ ही साथ जीवन की क्षुद्र वृत्तियों की प्रखर समीक्षा अत्यन्त सरल शब्दों में स्वाभाविक ढंग से प्रस्तुत कर अधिक से अधिक जनमानस को स्पर्श करना ही साहित्य का उद्देश्य है। 5

9. निम्नलिखित का पल्लवन कीजिए :

(i) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

(ii) ईश्वर की माया, कहीं धूप कहीं छाया।

(iii) विनाश काले विपरीत बुद्धि। 5

10. वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द बताइए :

(i) जो पढ़ा-लिखा न हो।

(ii) प्रतिदिन होने वाला।

(iii) जो कम खाता हो।

(iv) गोद लिया हुआ पुत्र।

(v) जो निन्दा करने योग्य हो। 5

11. निम्नलिखित युग्म शब्दों के अर्थगत अन्तर बताइए :

(i) इति-ईति

(ii) ज्वर-ज्वार

(iii) तरंग-तुरंग

(iv) निर्माण-निर्वाण

(v) वदन-बदन 5

12. अपने क्षेत्र में विद्युत बोर्ड के अधिशासी अभियन्ता को पत्र लिखते हुए परीक्षा के दिनों में बिजली कटौती न करने का निवेदन कीजिए। 5

13. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए (उत्तर सीमा **350** शब्द) :

(i) भारत में आतंकवाद।

(ii) मेरा भारत महान।

(iii) स्वच्छता की ओर ठोस कदम।

(iv) साहित्य समाज का दर्पण है।

(v) मेरे सपनों का भारत। 10